>

Title: Regarding Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Karoli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर): अध्यक्ष महोदया, आपकी अनुमति से मैं अपने संसदीय क्षेत्र करौली धौलपुर राजस्थान की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। केन्द्र सरकार द्वारा बी.पी.एल. लोगों के लिए चलाई जा रही राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना, जिसके तहत गरीबों को मुफ्त कनेक्शन दिए जाते हैं, लेकिन मेरे क्षेत्र में ऐसा नहीं हो रहा है। मेरे क्षेत्र से मुझे ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि बी.पी.एल. लोगों से जो एजेंसियां काम कर रही हैं, वे पैसा लेकर कनैक्शन दे रही हैं। सतर्कता समिति की बैठक में भी यह तय किया गया था कि ऐसी शिकायतें प्राप्त होने पर एजेंसियों के खिलाफ एफ.आई.आर. लॉज की जाए, लेकिन इसके बावजूद भी गरीबों को मुफ्त कनैक्शन नहीं दिए जा रहे हैं, ऐसा क्यों हो रहा है? केन्द्र की तरफ से गरीबों के लिए अति महत्वपूर्ण योजना है। ऐसी शिकायतें मिलने पर एजेंसियों से जांच करवा कर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि इस पर अंकुश लगे और गरीब लोगों को मुफ्त दिए जाने वाले कनेक्शनों का पूरा फायदा मिल सके। इसके साथ कार्य भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। तेज गति से कनेक्शन देने चाहिए। बी.पी.एल. कनेक्शनों की वजह से बाकी के जो ए.पी.एल. वाले कनेक्शन हैं, वे भी नहीं हो पा रहे हैं। तीन-तीन साल लोगों को डिमांड नोट का पैसा जमा करावाए हो गए, लेकिन उन्हें कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। यह कहा जाता है कि बी.पी.एल. के साथ ही ये कनेक्शन दिए जाएंगे।

अध्यक्ष महोदया, मेरा निवेदन है कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना गरीबों के लिए एक महत्ती योजना है, इसका बी.पी.एल. लोगों को पूरा फायदा मिलना चाहिए एवं कनेक्शनों पर पैसा नहीं लिया जाना चाहिए। एक योजना बना कर जो पैसा वसूला गया है, उसे वापस करवा कर सख्त कार्यवाही करवाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी योजनाओं का बिना भ्रष्टाचार के गरीब लोगों को पूरा फायदा मिल सके।

अध्यक्ष महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।